जनकल्याण की भावनाओं का सज्ञान करते हुए मीडिया सकारात्मक पहल करे–जयराम

माउण्ट आबू, 22 मई, निसं। पब्लिक रिलेशन काउन्सिल ऑफ इंडिया, बैगलौर के अध्यक्ष एम बी जयराम ने कहा कि वर्तमान परिवेश में जन कल्याण की भावनाओं को सर्वोपरि मानते हुए मीडिया को सकारात्मक पहल करनी चााहिए। नकारात्मकता किसी भी क्षेत्र के लिए घातक सिद्ध हो सकती है इसलिए मीडिया सहित सभी वर्गों को इसके प्रभाव से मुक्त करवाना होगा।

वे ब्रह्माकुमारीज संस्था के मीडिया प्रभाग तथा मुल्यानुगत मीडिया अभिक्रम समिति इंदौर के संयुक्त तत्वाधान में चुनौतियों का सामना करने के लिए जीवन का सशक्तिकरण विषय पर ज्ञान सरोवर में आयोजित तीन दिवसीय मीडिया डायलॉग व रिट्रीट के उदघाटन सत्र को सज्बोधन कर रहे थे। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मीडिया विकास कार्यो को सार्थक बनाने में अहम भूमिका निभाने में समर्थ है। इससे पूर्व स्वागत सत्र की अध्यक्षता करते हुए अमृत संदेश रायपुर के प्रधान सज्ंपादक गोबिन्द लाल बोरा ने कहा कि जिस तरह मीडिया ने स्वतंत्रता संघर्ष में सकारात्मक रूख अपनाकर दमनचक्र झेलकर बहुमूल्य योगदान दिया उसी प्रकार विभिन्न विसंगतियों का सामना करते देश के उत्थान में भी हर प्रकार के दुष्प्रभावों से मुक्त रहकर अपना नैतिक दायित्व निभाना चाहिए।

ब्रह्माकुमारीज संस्था के महासचिव ब्र0 कु0 निर्वैर ने कहा कि आजादी के 63 वर्ष बाद भी बड़ी शिद्दत से महसूस किया जा रहा है कि भ्रष्टाचार व गरीबी निरन्तर बढ़ती जा रही है, न तो स्वास्थ्य सेवायें आम आदमी को सुगमता से उपलब्ध है और ना ही समृद्धि का झोका जन जन तक पहुंच पाया है। भारत को स्वर्णिम युग की ओर ले जाने के लिए ये जरूरी है कि पत्रकारिता में नयापन लाकर उसे आध्यात्मिकता से जोड़ा जाये।

मीडिया प्रभाग के अध्यक्ष ब्र0 कु0 ओम प्रकाश ने कहा कि मीडिया के सशक्तिकरण का उद्देश्य उसे चुनौतियों का सामना करने में समर्थ बनाता है। मीडिया सरकार को चुनौतियों से अवगत करवाये, उसका समाधान सुझाये और जनता को अधिकारों के साथ कर्त्तव्यों के प्रति भी शिक्षित करें। मीडिया प्रभाग के उपाध्यक्ष ब्र0 कु0 करूणा ने स्वागत सज्बोधन में कहा कि इस कटु सत्य को खुले मन से स्वीकार करना होगा कि मीडिया अब मिशन नहीं रहा बल्कि व्यवसाय बन चुका है। व्यवसायिक बुराईयों से मुक्ति पाने के लिए यह आवश्यक है कि स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन के अभियान से इसे जोड़ा जाये।

आस्था चैनल से लाखों लोगों के जिन्दगी में सकारात्मकता का संचार करने वाली ब्र0 कु0 शिवानी ने मीडियाकर्मियों को कार्यव्यहार के दौरान होने वाले तनावों तथा उससे निजात पाने के उपाय सुझाये। ज्ञान सरोवर की निदेशिका ब्र0 कु0 डा0 निर्मला ने सभी को आशिवर्चन दिया।

अहमदाबाद की कुमारी निधि व कुच्ची पुड़ी नृत्य में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुकी तेजस्विनी व हर्षा ने स्वागत नृत्यों द्वारा अतिथियों का अभिनन्दन किया। यह सेमिनार दो दिन तक चलेगा जिसमें देशभर से विभिन्न समाचार पत्रों के मालिक, मुज्य सज्ंपादक, स्थानीय सज्ंपादक, सहायक सज्ंपादकों के अलावा टीवी चैनलों के अध्यक्ष, निदेशक व उपनिदेशकों सहित वरिष्ठ पत्रकार भाग ले रहे हैं।

फोटो, 22 माउण्ट आबू, 1, 2, 3 कार्यक्रम का दीप जलाकर उदघाटन करते अतिथि

ल